**परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**

**उत्तर प्रदेश पुलिस**

**दिनांक**

**21-07-2025**

# प्रेस विज्ञप्ति

- **श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत डीआईजी बस्ती द्वारा फुटहिया चौकी से अयोध्या बार्डर तक कावंड़ यात्रा मार्ग का भ्रमण कर लिया गया जायजा।**
- **फुटहिया चौराहा स्थित कांवरिया महोत्सव पंडाल का किया गया भ्रमण।**
- **संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 21.07.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत डीआईजी बस्ती द्वारा फुटहिया चौराहे पर बने कांवरिया महोत्सव पंडाल का भ्रमण किया गया । तत्पश्चात कांवड़ यात्रा के सुगम संचालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं के मद्देनजर फुटहिया चौराहा से अयोध्या बार्डर (घघौवा चौकी ) तक भ्रमण कर कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख स्थलों, विश्राम स्थलों, जलापूर्ति केन्द्रों, चिकित्सा सहायता बिंदुओं, सुरक्षा चेक पोस्ट एवं यातायात व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में लगे अधि0/कर्म0गण से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सभी को निरंतर भ्रमणशील रहने, सतर्क दृष्टि रखने हेतु कड़े निर्देश दिये गये । डीआईजी बस्ती द्वारा रुट डायवर्जन,बैरिकेडिंग,पार्किंग व श्रद्धालुओ की भीड़ के दृष्टिगत सभी की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ताकि श्रद्धालुओं/ कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।

**सोशल मीडिया सेल**

**रेंज कार्यालय, बस्ती।**